सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 268 | इंदौर, बुधवार 10 अप्रैल, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए



'तुम खुद ही सम्भालोगी,विश्वास ये मेरा है'
'दु:खनाशिनी जगधात्री, तूँ ही सुख का सबेरा है'
!! ब्रह्माण्ड की जन्मदात्री माँ ब्रह्मचारिणी की जय !!

## Headline

1. **Bijapur IED Blast: बीजापुर में नक्सलियों ने किया आईईडी ब्लास्ट, दो STF जवान घायल; इलाके में तलाशी अभियान जारी**
2. **UP: टिकट से बेफिक्र चुनावी मोड में आए बृजभूषण, भाजपा से अब तक नहीं मिली हरी झंडी; स्थानीय भाजपा विधायक दूर**
3. **UP: म्यांमार में बंधक यूपी की तीन इंजीनियर से बर्बरता की हदें पार, 18 से 20 घंटे काम; दे रहे इलेक्ट्रिक शॉक**
4. **Delhi School Admission: नर्सरी, केजी और पहली में 'पहले आओ पहले पाओ' के आधार पर दाखिला, 15 से भरी जाएंगी सीटें**
5. **विशेष साक्षात्कार : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा- कांग्रेस का देवभूमि के हित से कभी वास्ता नहीं रहा**

# लोकसभा चुनाव- कांग्रेस ने तैयार की कार्ययोजना

## न्याय पत्र को लेकर मतदाताओं के बीच जाएगी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भोपाल। लोकसभा चुनाव को लेकर घोषणा पत्र को लेकर कांग्रेस नेता आज राजधानी में मीडिया से चर्चा करने वाले हैं। लोकसभा चुनाव में कांग्रेस मतदाताओं के बीच अपने घोषणा पत्र अथवा न्याय पत्र को लेकर जाएगी। इसमें युवा, नारी, सहभागिता, श्रमिकों पर आधारित 25 न्याय की गारंटियों की बात होगी। इसको लेकर मध्य प्रदेश कांग्रेस ने कार्ययोजना तैयार की है, जिसे मध्य प्रदेश के वरिष्ठ नेताओं द्वारा बुधवार को साझा किया जाएगा।

मध्य प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में होने वाली प्रेस कांफ्रेंस में मप्र कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, राज्यसभा सदस्य दिग्विजय सिंह, पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव, राज्यसभा सदस्य विवेक तन्खा, मप्र विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के साथ ही अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता व मप्र के प्रवक्ता चरण सिंह चपरा आदि मीडिया के सवालों के जवाब देंगे।



### लोकसभा चुनाव के बाद दिग्विजय सिंह को भेजेंगे पाकिस्तान - विधायक शर्मा

मध्यप्रदेश में जारी लोकसभा चुनाव की तैयारियों के बीच भाजपा विधायक रामेश्वर शर्मा ने पूर्व मुख्यमंत्री और राजगढ़ से कांग्रेस प्रत्याशी दिग्विजय सिंह को लेकर विवादित बयान किया है और उन्हें पाकिस्तान भेजने की बात कही है। शर्मा के इस बयान के बाद विवाद खड़ा हो गया है।

### क्या बोले रामेश्वर शर्मा ?

भाजपा विधायक रामेश्वर शर्मा ने मीडिया से चर्चा में कहा कि 'सभी कार्यकर्ताओं ने संकल्प दोहराया है कि ब्यावरा विधानसभा सीट पर पिछली बार से एक लाख से अधिक वोटों के साथ जितना है और पूरी लोकसभा में 8 लाख से अधिक वोटों से जीतेंगे। उन्होंने आगे कहा कि जो राजा यहां घूम रहे हैं, उनको ऐसे पैक करके भेजना है कि उनका अगला ठिकाना हिंदुस्तान में नहीं बल्कि लाहौर या इस्लामाबाद में होगा। क्योंकि उनको चाहने वाले मध्य प्रदेश या देश में नहीं बल्कि सीमा के उस पार है।'

### दिग्विजय सिंह ने दी प्रतिक्रिया

रामेश्वर शर्मा इस बयान के बाद दिग्विजय सिंह ने कहा कि मेरे वकील मामले की जांच कर रहे हैं और आगे की कार्रवाई करेंगे।

### मोदी की टी शर्ट बांटना पड़ा महंगा, तीन लोगों पर दर्ज किया मामला

लोकसभा चुनाव के दौरान लगी आचार संहिता का उल्लंघन कर छिंदवाड़ा में हर्रई बस स्टैंड पर मोदी की फोटो छपी टी-शर्ट बांटी जा रही थी। प्रशासनिक अधिकारी पर हर्रई पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। एसआई टीडी धार्वे ने बताया कि हर्रई नपा के राजस्व निरीक्षक अतीश डागोरिया ने सोमवार को शिकायत की है कि लोकसभा चुनाव के तहत लगी आचार संहिता का उल्लंघन कर हर्रई बस स्टैंड पर मोदी की फोटो छपी टी-शर्ट लोगों में बांटी जा रही थी। इसका वीडियो भी सामने आया है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने अभिषेक साहू, सुमित गुप्ता और नरेन्द्र राय के खिलाफ धारा 127 ए, 123 (1) (बी), लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 171 बी, 188 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### पार्षद के खिलाफ मामला दर्ज

कुंडीपुरा टीआई मनोज बघेल ने बताया कि आचार संहिता के दौरान वार्ड नम्बर 17 पार्षद बलराम साहू और माइकल रामबाग क्षेत्र में केलेंडर बांट रहे थे। परासिया जनपद पंचायत में पदस्थ उपयंत्री भावना नागवंशी की शिकायत के आधार पर धारा 188 और 171 ई के तहत मामला दर्ज किया गया है। इधर चांद पुलिस ने प्रार्थी आदित्य ठाकुर की शिकायत पर भाजपा प्रत्याशी की छबि धूमिल करने सोशल मीडियापर आपत्तिजनक पोस्ट वायरल करने वाले अंकित और राजेन्द्र के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

# उपभोक्ता फोरम ने रेलवे पर लगाया 13 लाख का जुर्माना

## रिजर्वेशन के बाद भी जगह नहीं मिली, रेल मंत्री के ट्वीट करने पर भी नहीं हुआ समाधान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। पांच साल पहले इंदौर से 256 यात्रियों ने शिखरजी जाने के लिए रिजर्वेशन कराया। जब यात्री स्टेशन पहुंचे तो पता चला कि वहां अन्य लोगों कब्जा कर रखा है। इस पर इन यात्रियों की फजीहत हो गई। रेलवे के अधिकारियों, रेल मंत्री से शिकायत की तो भी ध्यान नहीं दिया गया। फिर पीड़ित यात्रियों ने इंदौर में उपभोक्ता फोरम की शरण ली। फोरम ने रेलवे की गलती मानते हुए 256 यात्रियों को प्रति व्यक्ति 5 हजार रु., कुल 12.90 लाख हर्जाना देने का आदेश दिया है।**

मामला 2019 का है। जैन समाज के 256 लोगों ने शिप्रा एक्सप्रेस से शिखरजी जाने के लिए इंदौर से पाश्र्वनाथ तक के लिए रिजर्वेशन कराया था। जब ये यात्री स्टेशन पहुंचे तो पता चला कि इनकी सीटों पर पहले से ही अन्य लोगों का कब्जा है। इस पर उन्होंने रेलवे को शिकायत तो उनकी समस्या नहीं सुनी गई। इस दौरान ट्रेन में टीटी भी नहीं था।

इन यात्रियों ने 26 घंटे की यात्रा में काफी परेशानियां झेलीं। सफर के दौरान यात्रियों ने इंदौर, रतलाम सहित रास्तेभर के रेलवे स्टेशन पर शिकायत की। अधिकारियों को बताया कि उनकी सीटों पर बिहार, उप्र, झारखण्ड आदि के युवकों ने कब्जा किया है जबकि हमारा रिजर्वेशन है। इसके बावजूद रेलवे ने समस्या हल नहीं की।

पीड़ित यात्रियों ने रेल मंत्री को ट्वीट किया। इसके साथ ही रेल अधिकारियों को फिर कई बार शिकायतें की लेकिन गंभीरता से नहीं लिया। इस पर पीड़ितों ने एडवोकेट रोहित जैन के माध्यम से 2020 में इंदौर कोर्ट में रेलवे के खिलाफ दावा लगाया। एडवोकेट जैन के मुताबिक फोरम ने 28 मार्च को रेलवे को दोषी मानते हुए प्रति यात्री 5 हजार रु. हर्जाना और 10 हजार रु. परिवाद के खर्च कुल राशि 12.90 लाख रु. हर्जाना देने का आदेश दिया है। रेलवे के इतिहास में संभवतः पहली बार इतनी बड़ी राशि देने का आदेश कंज्यूमर कोर्ट ने किया है।

सुनवाई में फोरम ने टीटी की भूमिका को गंभीर लापरवाही माना है। फोरम ने कहा है कि यात्री अपनी ट्रेन टिकिट आरामदायक यात्रा करने के लिए रिजर्वेशन कराता है। इस केस में रेलवे की लापरवाही के कारण यात्रियों की यात्रा आरामदायक होने के बजाय त्रासदायक हो गई।

# शिक्षाधिकारी ने 20 सरकारी स्कूलों के प्राचार्यों से जवाब मांगा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। 9वीं और 11वीं की परीक्षा फरवरी-मार्च में हुई थी। रिजल्ट 1 अप्रैल को घोषित हुआ तो 20 से ज्यादा स्कूलों का रिजल्ट 40त्न से कम आया। अब जिला शिक्षा अधिकारी ने प्रिंसिपलों को नोटिस जारी कर उनसे जवाब मांगा है। जवाब के बाद मामले में आगे कार्यवाही होगी।

9वीं कक्षा का 71.34 और 11वीं का रिजल्ट 85.20त्न आया है। 20 स्कूलों का रिजल्ट औसत से कम रहा। समीक्षा बैठक के बाद इन स्कूलों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। रिजल्ट बिगडऩे के पीछे वजह मैथ्स और इंग्लिश सब्जेक्ट में स्टूडेंट्स को कम नंबर मिलना है। दोनों सब्जेक्ट में स्टूडेंट के कमजोर होने के कारण रिजल्ट पर असर पड़ा है। बेहतर रिजल्ट के लिए शिक्षकों की ट्रेनिंग आयोजित करेंगे।

### ये बोले अधिकारी

जिला शिक्षा अधिकारी मंगलेश व्यास ने बताया कि औसत से कम रिजल्ट वाले स्कूलों को नोटिस जारी किए हैं। प्रिंसिपलों से जवाब मांगा है। इसके पीछे क्या वजह रही ये पूछा है। जवाब आने के बाद आगे बेहतर रिजल्ट के लिए सुधार किए जाएंगे।

### बोर्ड एग्जाम के रिजल्ट का इंतजार

वहीं स्टूडेंट्स अब 10वीं और 12वीं बोर्ड एग्जाम के रिजल्ट का इंतजार कर रहे हैं। संभावना है कि रिजल्ट 15 अप्रैल तक आ सकता है। कॉपी चेक होने का काम पूरा हो चुका है। नंबर चढ़ाकर मार्कशीट तैयार की जा रही है।

# भजन संध्या में देर रात तक झूमे श्रद्धालु

## संस्था सर्व सेवा के आयोजन में एक से बढ़ एक भजनों की प्रस्तुति

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। चैत्र नवरात्रि के प्रथम दिवस गुड़ी पड़वा के अवसर पर जहां पूरे शहर में अनेक धार्मिक आयोजनों का दौर चलता रहा तो वहीं संस्था सर्व सेवा द्वारा आयोजित भजन संध्या में देर रात तक भजन गायकों ने भजनों से श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर कर दिया। भजन गायक गन्नू महाराज की भजन संध्या में श्रद्धालु खूब झूमे।**

संस्था संयोजक अजय कुशवाह ने बताया कि सुबह जहां कुशवाह नगर में भगवान सूर्य को अघ्र्य देकर नववर्ष में सभी के लिए प्रार्थना की गई, वहीं गुड़ धनिये का प्रसाद भी बांटा गया। शाम को आयोजित भजन



संध्या में सुप्रसिद्ध भजन गायक गन्नू महाराज ने गणेश वंदना के साथ भजन जो राम को लाएं है हम उनको लाएंगे सहित अन्य भजनों को गाकर श्रद्धालुओं को मंत्र मुग्ध कर दिया। वहीं आए नवरात्रे माता के... सहित अन्य भजनों की एक से बढकर एक प्रस्तुति ने श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक आकाश विजयवर्गीय, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, विनय कुशवाह, दुर्गेश उपाध्याय, रामेश्वर जोशी, राजकुमार, रोहित शामिल हुए।

अजय कुशवाह ने बताया कि हनुमान जी बने कलाकार के साथ ये भगवा रंग.... सिया राम जानकी बैठे हैं मेरे सीने में.... पर जय जय सिया राम से क्षेत्र गुंजायमान हो गया । माता की भक्ति में रमते हुए चलो बुलावा आया है ... के साथ माता भक्ति का दौर देर रात तक चला। इस अवसर पर कलाकारों ने श्रीराम दरबार, हनुमानजी की झांकी, शिव तांडव का शानदार मंचन किया। आयोजन स्थल कुशवाह नगर में भजन सुनने आने वाले श्रद्धालुओं के लिए बैठक व्यवस्था के साथ पूरे कार्यक्रम में साफ-सफाई का भी विशेष ध्यान रखा गया।

### इंदौर-दुबई फ्लाइट के लिए मिला नया एयरक्राफ्ट

इंदौर। इंदौर से दुबई की यात्रा करने वाले यात्रियों को एयर इंडिया एक्सप्रेस ने नई सौगात दी है। अब तक पुराने विमानों में सफर कर रहे यात्रियों के लिए शुक्रवार से कंपनी ने नया विमान उपलब्ध करवाया। 2019 में एयर इंडिया ने पहली बार इंदौर से दुबई के लिए उड़ान शुरू की थी। कोरोना के समय यह उड़ान बंद हो गई। एयरपोर्ट ग्राउंड स्टाफ से मिली जानकारी के अनुसार बीते शुक्रवार से कंपनी ने अपनी दुबई उड़ान के लिए नए बोइंग 737 विमान का उपयोग करना शुरू किया है। उन्हें जल्द ही बिजनेस क्लास में सफर करने का मौका मिल सकेगा। बता दें की कोविड के पहले एयर इंडिया जब इस उड़ान का संचालन करती थी, तब उसमें बिजनेस क्लास की सीटें उपलब्ध थीं।

# बीएड थर्ड सेमेस्टर की परीक्षा 20 अप्रैल के बाद

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। देवी अहिल्या यूनिवर्सिटी में टाइम पर एक्जाम नहीं होने से स्टूडेंट्स परेशान है। बीएड सेकंड सेमेस्टर का रिव्यू रिजल्ट रुका हुआ है। 5 महीने से स्टूडेंट्स परेशान हो रहे हैं। इस चक्कर में थर्ड सेमेस्टर की परीक्षा भी अटक गई है। यूनिवर्सिटी ने स्टूडेंट्स की परेशानी को देखते हुए बीच का रास्ता निकाला है। परीक्षा अप्रैल में आयोजित करने की तैयारी है।**

यूनिवर्सिटी प्रशासन ने थर्ड सेमेस्टर की परीक्षा अप्रैल में करवाने का निर्णय लिया है ताकि एकेडमिक कैलेंडर नहीं बिगड़े। सेकंड सेमेस्टर में रिव्यू के लिए आवेदन करने वाले स्टूडेंट्स को शपथ पत्र भरने के लिए कहा है। जल्द ही एक्जाम फॉर्म भरने की प्रक्रिया यूनिवर्सिटी शुरू कर देगी। परीक्षा 20 अप्रैल के बाद होगी।

बता दें बीएड दूसरे सेमेस्टर की एक्जाम अगस्त में हुई थी। रिजल्ट अक्टूबर में जारी हुआ था, जिसमें एक या दो सब्जेक्ट में फेल स्टूडेंट्स ने ने रिव्यू के लिए आवेदन किया था। मगर अभी तक यूनिवर्सिटी इनकी कॉपियां चेक कर रिजल्ट जारी नहीं कर पाई है। रिव्यू रिजल्ट रुकने से स्टूडेंट्स परेशान है। जबकि

एक्जाम कंट्रोलर डॉ.अशेष तिवारी का कहना है कि दूसरे सेमेस्टर के रिव्यू रिजल्ट का इंतजार कर रहे स्टूडेंट्स शपथ पत्र भरकर परीक्षा में बैठ सकते हैं। स्टूडेंट्स तीसरे सेमेस्टर की परीक्षा के लिए आवेदन कर सकते हैं। सेकंड सेमेस्टर का रिव्यू रिजल्ट आने में अभी थोड़ा टाईम और लगेगा।

कटाक्ष




### रतनबाग जैन उपाश्रय में प्रवचन

# नव वर्ष पर धन स्थल के पहले धर्म स्थल जाने का संकल्प ले- साध्वी नूतन श्रीजी

इंदौर। रतनबाग जैन उपाश्रय में नववर्ष गुड़ी पड़वा महोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान मंगल पाठ, महामांगलिक और प्रवचन का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए। आयोजन पर मंगल पाठ के अंतर्गत प्रवचन देते हुए साध्वी नूतन श्रीजी ने कहा कि नव वर्ष में संकल्प ले धन (व्यापार) स्थल पर जाने के पहले धर्मस्थल पर जरूर जाएं। इस मौके पर उन्होंने व्यसन मुक्ति के संकल्प की बात भी कहीं। महामांगलिक के पूर्व वरिष्ठ साध्वी रमणीककुंवर म.सा. दमु ने बहनों को प्रेरणा दी कि वह अपने सुहाग चिह्नों को अपनाने का अवश्य ध्यान रखें। धर्म सभा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाई बहन शामिल हुए। प्रवचन में संघ अध्यक्ष नरेंद्र ने आए हुए श्रद्धालु भाई बहनों का शाब्दिक अभिनंदन किया। आभार सुकेश कोटा वाला ने माना। प्रभावना के लाभार्थी रखबचंद कोटा वाला परिवार थे।

# फाग महोत्सव में राधा कृष्ण ने खेली फूलों की होली

**मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ और समाचार पत्र कर्म साक्षी का संयुक्त आयोजन**




**इंदौर। मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ इंदौर जिला इकाई और कर्मसाक्षी समाचार पत्र द्वारा स्वामी प्रीतमदास सभागृह में फाग उत्सव और होली मिलन समारोह का रंगारंग आयोजन किया गया। इस मौके पर राधा और कृष्ण ने फूलों के संग सुंदर होली खेली।**

आयोजक व संस्था की उपाध्यक्ष सरिता शर्मा ने बताया कि उत्सव की शुरूआत् रास से हुई। होली के गीतों और भजनों पर प्रस्तुति हुई। सिने अभिनेत्री सारिका दीक्षित ने होली के गीतों पर मनोहारी नृत्य कर सबको भाव विभोर कर दिया। होरी खेले रघुवीरा अवध मे होरी खेले रघुवीरा..... अरे जारे नटखट..... रंग बरसे भीगे चुनर वाली गीतों पर सामूहिक नृत्य प्रस्तुति हुई। विजय पाठक और सोनिया पाठक ने सुरों की महफिल से माहौल को संगीतमय कर दिया। राधा कृष्ण की जोड़ी ने सुंदर रास कर सबको मथुरा वरन्दावन की याद दिला दी।

मीडिया प्रभारी प्रवीण जोशी ने बताया कि उत्सव मे राधा कृष्ण ने इतने फूल बरसाए कि फूलों की पीली गुलाबी चादर बिछ गई। अतिथि स्वागत जिला अध्यक्ष लोकेंद्र सिंह थनवार, संभाग अध्यक्ष धर्मेंद्र शुक्ला, राजेंद्र सिंह, शालिनी शर्मा ने किया। इस मौके पर ममता शर्मा, गिरीश कानूनगो, हेमंत व्यास, राजेंद्र सिंह, चंदा खत्री, अशोक शर्मा, देवेंद्र साहू, सुधीर वर्मा, रामकिशोर लोवंशी, संजय जोशी, विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सिंगर पीहू हासन ने किया।

## सिंधु सहकारी साख संस्था ने मनाया झूलोत्सव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** सिंधी समाज की वित्तीय संस्था सिंधु सहकारी साख संस्था द्वारा चेटीचंड के महापर्व पर संस्था कार्यालय में भगवान झूलेलाल को फूलों से सुसज्जित झूले में विराजमान कर झुलाया गया। इस दौरान मंगल गीत गाए गए। संस्था अध्यक्ष प्रकाश लालवानी एवं संचालक सुनील वाधवानी ने बताया संस्था द्वारा झूलोत्सव के पर्व पर भगवान झूलेलाल की महाआरती कर कढाव प्रसाद का भोग लगाया गया। देश की सुख, समृद्धि, शांति के लिए पल्लव किया गया। इस अवसर पर संस्था कार्यालय झूलामय हो गया। इस अवसर पर संस्था उपाध्यक्ष सरिता मंगवानी, गोपाल दरयानी, पूर्व अध्यक्ष जवाहर मंगवानी, अनिल फतेहचंदानी, संचालक सुनील वाधवानी, खेमचंद शादीजा, अशोक खुबानी, राजकुमार हरियानी, गोविंद पठेजा, राजेश बागजाई, लता पुरस्वानी, अशोक गुलाबचंदानी, चांदनी फुंदवानी एवं संस्था के सभी कर्मचारी उपस्थित थे। इस अवसर पर अध्यक्ष प्रकाश लालवानी ने सोशल मीडिया के माध्यम से समाजजन को चेटीचंड की बधाइयां दीं।

## ज्योति बा फुले की जयंती पर होगा शिक्षकों का सम्मान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** संस्था सहयोग द्वारा 11 अप्रैल महात्मा ज्योति बाँ फुले जयंती के अवसर पर 11 शिक्षको का सम्मान रवींद्रनाटायगृह में किया जा रहा है इस अवसर पर प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा उत्थान के कार्य हेतु एक लाइफ़ टाइम एचीवमेंट अवार्ड भी प्रदान किया जाएगा द्य उपरोक्त जानकारी देते हुए संस्था के विजय दुबे अजय कुशवाह आशीष तिवारी ने बताया की कार्यक्रम में शहर के लगभग 1000 स्कूल के शिक्षक भाग लेंगे इस अवसर पर शिक्षकों के लिए क्वालिटी एज्युकेशन और मैनेजमेंट विषय पर सेमिनार भी रहेगा जिसमें डॉक्टर विक्रांत सिंह तोमर उद्बोधन देंगे द्य कार्यक्रम में अतिथि के रूप में केबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय शिक्षा मंत्री उदयप्रताप सिंह और महापौर पुष्यमित्र भार्गव सम्मिलित रहेंगे।

## मूर्धन्य पत्रकार राजेंद्र माथुर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** देश के मूर्धन्य पत्रकार, इंदौर प्रेस क्लब के संस्थापक और पूर्व अध्यक्ष श्री राजेंद्र माथुर की पुण्यतिथि पर आज पलासिया चौराहे स्थित प्रतिमा पर इंदौर प्रेस क्लब पदाधिकारियों और मीडिया के साथियों द्वारा माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। 9 अप्रैल को इंदौर प्रेस क्लब का 62वां स्थापना दिवस और सिटी रिपोर्टिंग के अग्रपुरुष रहे स्व. गोपीकृष्ण गुप्ता का पुण्य स्मरण दिवस भी है। इंदौर प्रेस क्लब में दोनों दिवंगत वरिष्ठ साथियों का स्मरण कर श्रद्धांजलि अपित की। इस अवसर पर इंदौर प्रेस क्लब के अध्यक्ष अरविंद तिवारी, महासचिव हेमन्त शर्मा, कोषाध्यक्ष संजय त्रिपाठी, कार्यकारिणी सदस्य अभय तिवारी, प्रवीण बरनाले, वरिष्ठ पत्रकार संजीव आचार्य, लक्ष्मीकांत पंडित, जयसिंह रघुवंशी,शैलेंद्र महाजन, पंकज भारती, लोकेन्द्र चौहान, मार्टिन पिंटो, अर्पण जैन, शरद मिश्रा, मोहम्मद अली, सपना मिश्रा, लोकेश पाल, राजेंद्र शिवरे, जीतू शिवरे, नगर निगम से दीपक चिंतामणी सहित मीडिया के साथी उपस्थित थे।

# हिंदूवादी संगठन भड़के, नशे और अपराध के खिलाफ थाना घेरा, फोर्स बुलाना पड़ी







@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** इंदौर में तेजी से बढ़ रहे नशे के कारोबार और अपराधों के खिलाफ हिंदूवादी संगठन भड़क गए। मंगलवार को हिंदूवादी नेता-कार्यकर्ता परदेशीपुरा थाना पहुंचे और जमकर नारेबाजी की। इनका कहना है कि शहर में तेजी से अपराध बढ़ रहे हैं। नशे का धंधा भी हर जगह पनप रहा है। पुलिस, प्रशासन और सरकार हाथ पर हाथ धरे बैठी है।

परदेशीपुरा थाने पर बजरंग दल के जिला प्रचार प्रमुख अन्नू गहलोत के साथ बड़ी संख्या में शहरवासी पहुंचे। सभी हाथों में बैनर और पोस्टर लेकर पहुंचे। अन्नू ने कहा कि हम लोग यहां पर तेजी से बढ़ रहे अपराध और नशे के कारोबार के विरोध में आए हैं। रहवासियों ने कहा कि शहर में खुलेआम चाकूबाजी हो रही है लेकिन पुलिस द्वारा कार्रवाई नहीं की जा रही। दो दिन पहले रात में राजा और उसके दो साथियों पर बदमाशों ने चाकू से हमला कर दिया। इलाके में खुलेआम नशा बिक रहा है। छेड़छाड़ की वारदातें भी लगातार बढ़ती जा रही है। पुलिस ध्यान ही नहीं दे रही है। बजरंग दल के कार्यकर्ताओं के पहुंचने के बाद थाने पर अतिरिक्त फोर्स बुलाना पड़ी। रहवासियों के साथ बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने रैली निकाली और थाने का घेराव भी किया।

**लोकसभा निर्वाचन के दृष्टिगत आबकारी इंदौर की बड़ी कार्यवाही**

# कुल 27 प्रकरण पंजीबद्ध कर 2.58 लाख रुपये की 436 लीटर अवैध मदिरा और 1495 किलोग्राम महुआ लहान तथा तीन दोपहिया वाहन जब्त

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत कलेक्टर श्री आशीष सिंह के आदेश एवं सहायक आबकारी आयुक्त श्री मनीष खरे के निर्देशन में आबकारी विभाग इंदौर द्वारा कड़ी कार्यवाहियां जारी है ।

इसी कड़ी में गत सोमवार को आबकारी वृत मालवा मिल अ प्रभारी सहायक जिला आबकारी अधिकारी प्रीति चौबे और उपनिरीक्षक महेश पटेल द्वारा कार्यवाही करते हुए नेहरू नगर मैन रोड से एक मोटरसाइकिल हौंडा शाइन से 48 बियर के अद्दे तथा 06 बोतल व्हिस्की परिवहन करते हुए आरोपी विमल पिता करोड़ीमल तथा पंकज पिता त्रिलोकीनाथ को पकड़ा गया। वाहन और मदिरा जप्त कर कब्जे आबकारी लेकर दोनों आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार करते हुए उनके विरुद्ध मप्र आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1) क का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया । कार्यवाही में आरक्षक रुचिर दूर्वे, मुकेश चौहान, विनीता नगराज भी सम्मिलित थे। इस कार्यवाही को सम्मिलित करते हुए सोमवार को जिले के समस्त वृत्तों में की गयी कार्यवाही में कुल 27 प्रकरण पंजीबद्ध कर 436 लीटर मदिरा जप्त की गई तथा 1495 लीटर महुआ लहान जप्त कर मौके पर नष्ट किया गया । मदिरा के अवैध परिवहन में 03 दोपहिया वाहन भी जप्त किये गए।

# महाकाल मंदिर अग्निकांड में झुलसे सेवक सत्यनारायण सोनी की मौत, मुंबई में चल रहा था इलाज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन। होली पर्व पर बाबा महाकाल के गर्भगृह में केमिकल गुलाल के कारण हुए भीषण अग्निकांड में एक सेवक की मौत हो गई। बुधवार सुबह मुंबई के अस्पताल में उपचार ले रहे बाबा महाकाल के सेवक सत्यनारायण सोनी की उपचार के दौरान मौत हो गई।**





बता दें कि हादसे में पुजारी कर्मचारी और कुल 14 सेवक गंभीर रूप से झुलस गए थे। इस अग्निकांड के बाद झुलसने से सभी लोगों को उपचार के लिए इंदौर के अरविंदो अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। मंगलवार रात तक तो इस अग्निकांड में झुलसे सभी लोग स्वस्थ थे, लेकिन बुधवार सुबह मुंबई के अस्पताल में उपचार ले रहे बाबा महाकाल के सेवक सत्यनारायण सोनी की उपचार के दौरान मौत हो गई।

गौरतलब है कि महाकाल मंदिर में 25 मार्च की सुबह 5.49 बजे भस्म आरती के दौरान गर्भगृह में आग लग गई थी। इसमें पुजारी सहित 14 लोग झुलस गए थे। घायलों में 9 को इंदौर रेफर किया गया था। 5 का इलाज उज्जैन में ही चला था। इस मामले में गंभीर रूप से झुलसने के कारण 80 वर्षीय सत्यनारायण सोनी को इंदौर के अरविंदो अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां से पिछले दिनों अच्छे उपचार के लिए मुंबई के अस्पताल में रेफर किया गया था। बुधवार सुबह उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। बताया जाता है कि सत्यनारायण सोनी बाबा महाकाल के सच्चे सेवक थे, जो कि भस्म आरती में सफाई करना हो, पूजन सामग्री एकत्रित करना हो या अन्य कोई भी काम हमेशा हर कार्य करने के लिए तैयार रहते थे। महाकाल मंदिर के पुजारी बताते हैं कि बाबा महाकाल की पूजा करने के लिए भले ही कोई भी पुजारी का समय चल रहा हो, लेकिन उनके सहयोगी के रूप में सत्यनारायण सोनी सेवा देने के लिए जरूर मौजूद रहते थे। बताया जाता है कि इस अग्निकांड में झुलसे पुजारी पुत्र मनोज शर्मा (43), पुजारी संजय शर्मा (50) और सेवक चिंतामण (65) का इलाज अभी भी इंदौर के अरविंदो अस्पताल में जारी है।

### भाजपा विधायक रामेश्वर शर्मा के विवादित बोल, राजगढ़ में बोले-

## दिग्विजय को हराकर पाकिस्तान भेजो

**राजगढ़।** मध्य प्रदेश भाजपा के नेता रामेश्वर शर्मा ने राजगढ़ में विवादित बयान दिया है। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह को पापी कहकर पुकारा। फिर जनता से अपील की कि कांग्रेस प्रत्याशी दिग्विजय सिंह को हराकर इस्लामाबाद भेजिये। वह यहां पर नहीं रुके। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को उल्लू का पट्ठा और कांग्रेस नेता राहुल गांधी को 55 साल का बूढ़ा कहकर संबोधित किया।

राजगढ़ सीट पर कांग्रेस के दिग्विजय सिंह के सामने मौजूदा भाजपा सांसद रोडमल नागर लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं। भोपाल की हुजूर विधानसभा सीट से विधायक रामेश्वर शर्मा ने नागर के समर्थन में राजगढ़ जिले के ब्यावरा में चुनावी सभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने दिग्विजय सिंह पर जमकर प्रहार किए। उन्होंने कहा कि दिग्विजय सिंह पापी हैं। पहले दस साल और दो बार दिग्विजय सिंह को जिताया और यह आप लोगों ने गलती की। इस बार उन्हें हराकर सीमा के पार इस्लामाबाद (पाकिस्तान) भेजना है। इसके बाद रामेश्वर शर्मा ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को उल्लू का पट्ठा और राहुल गांधी को 55 साल का बूढ़ा कह दिया। उन्होंने कहा कि ये लोग



सर्जिकल स्ट्राइक पर सवाल खड़े करते हैं। अगली बार जब स्ट्राइक करेंगे तो इन बंदरों को हवाई जहाज से बांधकर भेज देंगे तो इन्हें सबूत मिल जाएंगे।

रामेश्वर शर्मा ने पत्रकारों से चर्चा में दावा किया कि लोकसभा चुनाव हम आठ लाख से अधिक मतों से जीतेंगे। जो राजा यहां घूम रहा है, उसे ऐसा पैक करेंगे कि सीधा इस्लामाबाद भेज देंगे। वहां उनके चाहने वाले ज्यादा है।

राजगढ़ लोकसभा में लगातार तीसरे दिन भाजपा के दिग्गज नेता प्रत्याशी के समर्थन में कार्यकर्ताओं को संबोधित करने आए। दिग्विजय सिंह के प्रत्याशी के तौर पर चुनाव लड़ने से यह सीट भाजपा के लिए अहम बन गई है। वह किसी भी हाल में इस सीट पर अपना कब्जा जमाना चाहती है। भाजपा सांसद रोडमल नागर लगातार दो बार से जीत रहे हैं। इस बार उन्हें टिकट मिलने को लेकर भी सवाल उठे थे। भाजपा में आंतरिक असंतोष भी दिखाई दिया था। वहीं, कांग्रेस ने दिग्विजय सिंह जैसा स्थापित नेता उतारकर नागर के लिए चुनौती और बढ़ा दी है।

## सीहोर में भाजपा नेता पर आचार संहिता उल्लंघन का केस, शुभारंभ कार्यक्रम की तस्वीरें पोस्ट करने का मामला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सीहोर। जिला कांग्रेस की शिकायत पर भाजपा नेता पर पुलिस ने आचार संहिता उल्लंघन का मामला दर्ज कर लिया है। आरोप था कि उन्होंने गेहूं उपार्जन केंद्र का शुभारंभ करते हुए तस्वीरें सोशल मीडिया पर पोस्ट की थीं।**

कांग्रेस के पूर्व महासचिव पंकज शर्मा ने बताया कि उन्होंने 5 अप्रैल को भाजपा नेता भूपेंद्र पाटीदार के खिलाफ आदर्श आचार संहिता उल्लंघन करने की शिकायत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी से की थी। इसकी गहनता से जांच करने के बाद शिकायत को सही पाया गया और अनुविभागीय दंडाधिकारी एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारी तन्मय वर्मा के निर्देश पर भूपेंद्र पाटीदार के खिलाफ आदर्श आचार संहिता उल्लंघन का मामला जिला प्रशासन द्वारा दर्ज कर लिया गया।

शर्मा ने कहा कि सीहोर विधानसभा क्षेत्र में भाजपा नेताओं द्वारा आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायतें लगातार उनको प्राप्त हो रही थीं, ऐसी ही एक शिकायत भाजयुमो जिलाध्यक्ष भूपेंद्र पाटीदार के खिलाफ मिली थी। इसमें उन्होंने 20 मार्च को एक वेयर हाउस स्थित गेहूं उपार्जन केन्द्र का शुभारंभ कर इसके फोटो फेसबुक पर डाले थे। शर्मा ने कहा कि आचार संहिता के दौरान ऐसा किया जाना चुनाव आयोग के निर्देशों का उल्लंघन है और दंडनीय अपराध भी है। इसको लेकर 22 मार्च को जिला प्रशासन को शिकायत की गई थी, लेकिन वो शिकायत खारिज कर दी गई थी। इसके बाद उनके द्वारा इस आदेश के खिलाफ एक अपील कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण सिंह से की गई थी, जिससे संबंधित ज्ञापन उनके द्वारा संयुक्त कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी आनंद राजावत और सहायक कलेक्टर अर्पित गुप्ता को सौंपा गया था। इसके बाद जिला प्रशासन ने तत्काल इस मामले में कार्रवाई करते हुए इस मामले को जांच में लिया और इसकी सघनता एवं सूक्ष्मता से जांच करने के बाद इस शिकायत को सही पाया गया और इसके बाद भाजपा नेता भूपेंद्र पाटीदार के विरुद्ध आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने पर मुकदमा कायम किया गया।

इस मामले में भारतीय दंड संहिता की धारा 188 के तहत भूपेंद्र पाटीदार के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर दी गई है। शर्मा ने जिला प्रशासन के इस निर्णय का स्वागत करते हुए कहा है कि आज चुनाव आयोग की साख और निष्पक्षता को बरकरार रखते हुए सीहोर जिला प्रशासन ने पूरी ईमानदारी के साथ कार्य करते हुए एक अच्छा निर्णय लिया है। यह निर्णय कानून तोड़ने वालों और संवैधानिक संस्थाओं के निर्देशों की धज्जियां उड़ाने वालों के लिए एक सबक है। उन्होंने कहा कि भाजपा में अगर जरा सी भी नैतिकता बची है तो भूपेंद्र पाटीदार को तत्काल उनके सभी पदों सहित भाजपा की प्राथमिक सदस्यता से बर्खास्त किया जाना चाहिए। उन्होंने भूपेंद्र पाटीदार को तत्काल पार्टी से बाहर निकालने की मांग भाजपा सीहोर जिलाध्यक्ष और भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष से की है।

## तेज हवाओं ने पलटे एशिया के सबसे बड़े सोलर परियोजना के सोलर पेनल, पैनलों में नुकसान की संभावना

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**खंडवा।** मध्यप्रदेश के खंडवा जिले में आकार ले रही एशिया की सबसे बड़ी फ्लोटिंग सोलर पावर परियोजना में मंगलवार देर शाम चली तेज हवाओं से बड़ा नुकसान हुआ है। दरअसल, यहां रोजाना सोलर पैनलों को लॉन्च करने से पहले टोइंग करके रखा जाता है। लेकिन इसी बीच शाम के समय चली तेज हवा आंधी से इस परियोजना की लगभग 1.2 मेगावाट के सोलर पैनल हवा से पलट गए हैं। हालांकि, इसके चलते कितना नुकसान हुआ है इसका अंदाजा अभी लगा पाना मुश्किल है। बुधवार सुबह से इन सभी पैनलों के टेस्टिंग के बाद ही नुकसान का सही आकलन किया जा सकता है।



खंडवा के ओंकारेश्वर डैम के बैक वाटर के इंधावड़ी क्षेत्र में एनएचडीसी एवं टाटा कंपनी के द्वारा असेंबल करके रखी जा रही सोलर पैनल में तेज हवाओं के चलते नुकसान हुआ है और लगभग 1.2 मेगावाट की सोलर पैनल के मॉड्यूल हवा से पलटी खा गए हैं। हालांकि, बताया जा रहा है कि यह सभी मॉड्यूल लॉन्चिंग से पहले रिजर्वायर में पार्क करके रखे गए थे, जिसके चलते कोई बड़ा नुकसान तो नहीं हुआ है, लेकिन अब अगले दिन इन सभी पैनल की दोबारा टेस्टिंग के बाद ही नुकसान का सही आकलन मालूम हो पाएगा। वहीं, ऊर्जा विकास निगम के अधिकारियों की टीम इस मुद्दे पर निरीक्षण कर रही है और नुकसान का जायजा लेकर जल्द ठीक करने के लिए काम कर रही है।

**एक्सपर्ट बोले- 1.2 मेगावाट के पैनल पलटे-** वहीं, इस परियोजना के सोलर स्पेशलिस्ट अधिकारी गौरव बारी ने बताया कि वहां पर अभी लॉन्चिंग का काम जारी है, और जो पैनल रिजर्व वायर में पानी में लॉन्च हो चुके हैं उनमें किसी तरह का कोई नुकसान नहीं हुआ है। हालांकि, अभी इंधावड़ी में एनएचडीसी और टाटा का जो काम चल रहा है, वहां पर चूंकि अचानक से तेज हवा चली, जिससे वहां जो पार्क करके पैनल रखे हुए थे जिन्हें आज असेंबल किया हुआ था और जिन्हें अंदर ले जाना था, लॉन्च करने के लिए उनमें से लगभग 1.2 मेगावाट के पैनल पलट गए हैं। वहीं, उन्होंने बताया कि जिस तरह से नाव बांध कर जाते समय रखी जाती है और वह पलट जाती है, इसी तरह से रिजर्वायर में रखी यह पैनल पलट गए हैं।

**बुधवार से एक्सपर्ट करेंगे पलटे हुए पैनलों की जांच-** वहीं, सोलर स्पेशलिस्ट गौरव ने बताया कि बुधवार से इन पैनलों की एक बार फिर से टेस्टिंग की जाएगी। इसके बाद मालूम चलेगा कितने पैनल वर्किंग में है और कितने पैनल का नुकसान हुआ है। हालांकि, यह सभी पैनल वही हैं, जो अभी तक प्लेस नहीं हो पाए हैं और जो पैनल प्लेस होकर लॉन्च हो चुके हैं, उनमें किसी तरह का नुकसान नहीं हुआ है और आज क्योंकि हवा चलने का किसी तरह का अनुमान नहीं था लेकिन अचानक से तेज हवाएं चली, जिसके चलते आज दिन भर की जो असेंबलिंग एक्टिविटी थी, उसके पैनल में यह नुकसान हुआ है और दिन भर के पैनल को असेंबल कर सामान्यतः टोइंग करके रखा जाता है, जिसे आज हवा ने पलटा दिया।

## महिला डॉक्टर के घर डकैती, 50 लाख व 20 तोला सोना लूटा पर पुलिस ने चंद घंटों में पांच आरोपियों को दबोचा

**भोपाल।** राजधानी के चूनाभट्टी क्षेत्र के शाहपुरा में रहने वाली एक महिला डॉक्टर के घर सोमवार को हुई डकैती का पुलिस ने चंद घंटों में ही खुलासा कर दिया। मामले में डॉक्टर के एक नाबालिग नौकर समेत कुल पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। उनके पास से 49 लाख रुपये नकद, घटना में इस्तेमाल मारुति वैन, एक मोटर सायकिल, कट्टा-कारतूस, धारदार हथियार चाकू, हथौड़ा और लूटे गए चेक तथा एटीएम कार्ड जब्त किए हैं। वारदात का खुलासा करने वाली पुलिस टीम को 50 हजार रुपये का इनाम देने की अनुशंसा पुलिस मुख्यालय से की गई है। लूट की इस घटना को डॉक्टर के ड्रायवर ने ही योजना बनाकर अंजाम दिया था। वारदात के समय डॉक्टर का पूरा परिवार बर्थडे सेलिब्रेट करने के लिए होटल गया हुआ था। बदमाशों ने 40 मिनट के भीतर 50 लाख नकद और 20 लाख के जेवरात चोरी कर लिए थे। हालांकि, पारिवारिक सूत्रों का कहना है कि लूटी गई रकम करीब 80 लाख रुपये थी। वारदात शामिल रहे लगभग आधा दर्जन अन्य बदमाशों की तलाश की जा रही है। उनकी गिरफ्तारी के बाद जेवरात और बाकी रकम बरामद होने की उम्मीद है।

## संपादकीय

# घटनाओं को सियासी रंग देना घातक

इस समय आमचुनाव का माहौल है और ममता बनर्जी अगर एनआइए जांच में सहयोग करने के बजाय इसके पीछे भाजपा का हाथ बता रही हैं, जो जाहिर है, उनके कार्यकर्ताओं को एक तरह से उकसावा ही मिलेगा। इस तरह हिंसा के बल पर कोई राजनीतिक दल अपना आधार बेशक कुछ मजबूत बना ले, पर राज्य की कानून-व्यवस्था कमजोर ही होगी। पश्चिम बंगाल में आपराधिक घटनाओं को अक्सर राजनीतिक रंग दे दिया जाता है। अब तो ऐसी घटनाओं की जांच करने वालों पर हमले की संस्कृति भी विकसित हो चली है। इसका ताजा उदाहरण राष्ट्रीय जांच एजंसी यानी एनआइए के दल पर स्थानीय लोगों का हमला है। दो महीने पहले इसी तरह संदेशखाली में प्रवर्तन निदेशालय के जांच दल पर ग्रामीणों ने हमला कर दिया था। दरअसल ताजा घटना मिदनापुर जिले के भूपतिनगर की है। दरअसल, एनआइए कर्मी करीब सवा साल पहले वहां हुए एक बम विस्फोट के मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार करने गए थे। तभी स्थानीय लोगों ने उन पर हमला कर दिया। जांच दल की गाड़ियों के कांच टूट गए। इस घटना पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा है कि जांच दल को रात में वहां जाने की क्या जरूरत थी। क्या उन्हें यह पता नहीं था कि रात के अंधेरे में गांव वाले अनजान लोगों को देख कर हमलावर हो सकते हैं। हालांकि उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि पता नहीं, एनआइए ने स्थानीय पुलिस से सहयोग लिया था या नहीं। जबकि एनआइए अधिकारियों का कहना है कि उन्होंने स्थानीय पुलिस से सहयोग मांगा था, पर उसका रवैया सहयोगात्मक नहीं था। ममता बनर्जी ने पूछा है कि चुनाव के वक्त में इस तरह गिरफ्तारियां करने की आखिर वजह क्या है। बता दें कि एनआइए जिस व्यक्ति को गिरफ्तार करने गई थी, वह तृणमूल कांग्रेस का नेता है। अब ममता बनर्जी इस घटना को भाजपा के उकसावे पर की गई कार्रवाई बता रही हैं। यह पहली बार नहीं है जब ममता बनर्जी इस तरह अपने किसी नेता या कार्यकर्ता के पक्ष में सीधे मैदान में कूद पड़ी हैं। वे तो एक बार अपने कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी के विरोध में सीधे थाने में पहुंच गई थीं। राज्य के पुलिस अधीक्षक की अनियमितताओं के खिलाफ जब सीबीआइ ने पूछताछ की कोशिश की थी, तब भी वे धरने पर बैठ गई थीं। चुनावी हिंसा के मामलों में भी वे अक्सर अपने कार्यकर्ताओं का बचाव और भाजपा कार्यकर्ताओं के उपद्रव पर तल्खबयानी करती रही हैं। यह ठीक है कि भाजपा और तृणमूल के बीच सियासी रस्साकशी चलती रहती है और यह अक्सर केंद्र-राज्य संबंधों में टकराव बन कर भी उभरती है, मगर क्या हर आपराधिक घटना को सियासी रंग दे देने से राज्य की कानून-व्यवस्था प्रभावित नहीं होती! आखिर कानून-व्यवस्था की जवाबदेही राज्य सरकार की है। बम विस्फोट के जिस मामले में एनआइए जांच कर रही है, उसमें तीन लोगों की मौत हो गई थी। यह राज्य सरकार की भी चिंता का विषय होना चाहिए कि जिस घर में विस्फोट हुआ, वहां इतना ताकतवर बम पहुंचा कैसे और उसका किस मकसद से इस्तेमाल किया जाना था। आपराधिक घटनाओं को सियासी रंग दे देने का नतीजा यह होता है कि राजनीतिक दलों के बीच हिंसा और प्रतिहिंसा का दौर लगातार चलता रहता है। इसे लेकर पश्चिम बंगाल पर लंबे समय से अंगुलियां उठती रही हैं।

## ओशो कहिन



**एक व्यक्ति जो 100% समझदार है, दरअसल वह मर चुका है.**

## ज्ञान-विज्ञान

# लगातार 10 महीने से बढ़ रहा धरती का तापमान

### सबसे गर्म महीना बना मार्च, क्या नया युग शुरू होने वाला है?




हमारी धरती के ऊपर जलवायु परिवर्तन का एक बड़ा खतरा मंडरा रहा है। वैज्ञानिकों के अनुसार अगर साल के अंत तक तापमान में गिरावट नहीं हुई तो यह किस दिशा में जाएगा कहना मुश्किल है। वैज्ञानिकों की ये चेतावनी ऐसे समय में आई है जब आंकड़ों से पता चला कि बीता मार्च महीना धरती के अब तक के रिकॉर्ड में सबसे गर्म मार्च रहा है। ये सिर्फ मार्च तक ही सीमित नहीं है, पिछले 10 महीने से लगातार पृथ्वी के तापमान की रिकॉर्ड संख्या में वृद्धि हुई है। यानी हर महीना अब तक अपने पिछले रिकॉर्ड से अधिक गर्म रहा है।

इस बदलाव से वैज्ञानिकों और पर्यावरणविदों में इस बात को लेकर चिंता बढ़ गई है कि दुनिया और तेजी से जलवायु परिवर्तन के एक नए युग में प्रवेश कर सकती है। हाल की गर्मी के पीछे अल नीनो को जिम्मेदार ठहराया जाता रहा है। ऐसा माना जाता है कि आने वाले महीनों में अल नीनो के खत्म होने के बाद तापमान में अस्थायी रूप से कमी होनी चाहिए, हालांकि कुछ वैज्ञानिक इस बात से चिंतित हैं कि ऐसा नहीं होने जा रहा।

### बढ़ रहा धरती का तापमान

गेमिन शिमट नासा के गोडार्ड इंस्टीट्यूट फॉर स्पेस स्टडीज के निदेशक हैं। उन्होंने बीबीसी न्यूज से बातचीत में कहा, अगर हम अभी गर्मियों के अंत तक भी उत्तरी अटलांटिक या अन्य जगहों पर रिकॉर्ड तोड़ने वाले तापमान को देख रहे हैं तो हम वास्तव में अज्ञात क्षेत्र में चले गए हैं। जलवायु परिवर्तन पर नजर रखने वाली यूरोपीय एजेंसी कॉपरनिकस क्लाइमेट चेंज सर्विस के अनुसार, पूर्व औद्योगिक काल के मार्च की तुलना में साल 2024 का मार्च 1.68 सेल्सियस गर्म था। हालांकि, बहुत शोधकर्ता अभी भी यह नहीं मानते हैं कि जलवायु एक नए युग में प्रवेश कर चुकी है। वे गर्म होती धरती के दीर्घकालिक रुझानों को उम्मीदों के अनुरूप मानते हैं। लेकिन वैज्ञानिक अभी भी यह नहीं बता पा रहे हैं कि साल 2023 का आखिरी समय इतना गर्म क्यों होने लगा था।

New Delhi

# हाईकोर्ट से मिला झटका तो सुप्रीम कोर्ट पहुंचे दिल्ली CM अरविंद केजरीवाल

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** एक्साइज पॉलिसी केस से जुड़े मामले में गिरफ्तारी से राहत ना मिलने पर अब दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है. अरविंद केजरीवाल हाईकोर्ट के उस आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंच गए हैं, जिसमें HC ने उन्हें गिरफ्तारी से राहत देने से इनकार करते हुए याचिका खारिज कर दी थी. सीएम केजरीवाल के वकील करीब 10.30 बजे केस को सुप्रीम कोर्ट के सामने मेंशन करेंगे.

सीएम केजरीवाल के वकील चीफ जस्टिस की कोर्ट में मामले की जल्द सुनवाई की मांग करेंगे. बता दें कि एक दिन पहले (9 अप्रैल) ही अरविंद केजरीवाल की याचिका पर फैसला सुनाते हुए दिल्ली हाईकोर्ट ने उन्हें राहत देने से इनकार कर दिया था. कोर्ट ने कहा था कि जांच एजेंसी (ED) द्वारा की गई उनकी गिरफ्तारी सही है. बता दें कि सीएम केजरीवाल ने दिल्ली हाईकोर्ट में याचिका दायर करते हुए गिरफ्तारी और ईडी रिमांड का विरोध किया था. इस दौरान हाईकोर्ट ने केजरीवाल को झटका देते हुए कहा कि जांच एजेंसी द्वारा जुटाए गए सबूतों से पता चलता है कि केजरीवाल ने दूसरे आरोपियों के साथ मिलकर पूरी साजिश रची.



जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा ने अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी की याचिका पर फैसला सुनाते हुए कहा था कि केजरीवाल न सिर्फ इस पूरी साजिश में शामिल थे, बल्कि रिश्वत लेने और इस क्राइम को लेकर जो चीजें हुईं, वो उसमें भी शामिल थे.

Bihar

## बिहार में वज्रपात के साथ बारिश के आसार, पटना समेत इन जिलों में मौसम विभाग का अलर्ट

**पटना, (एजेंसी)** मौसम विभाग ने बिहार में बुधवार को पटना समेत कई जिलों में आंधी और वज्रपात का अलर्ट जारी किया है। दक्षिण बिहार एवं कोसी, सीमांचल के इलाकों में ठनका गिरने की आशंका है। राज्य में अगले 24 घंटे के भीतर बारिश का दौर भी शुरू होगा। राजधानी पटना समेत कुछ जगहों पर 11 से 14 अप्रैल के बीच बूंदाबांदी की संभावना है। पटना सहित प्रदेश भर में अगले 5 दिनों तक अधिकतम और न्यूनतम तापमान में उतार-चढ़ाव जारी रहेगा।

मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक 12 अप्रैल को मजबूत पश्चिमी विक्षोभ आने की संभावना है। इसके आने से पहले तापमान में बढ़ोतरी होगी। इसके बाद गिरावट दर्ज की जाएगी। मंगलवार को पटना सहित 9 शहरों के अधिकतम तापमान में गिरावट और 22 में बढ़ोतरी हुई। वहीं राजधानी सहित 20 शहरों का न्यूनतम पारा गिरा और 11 का चढ़ा।

प्रदेश के एकमात्र जिला शेखपुरा का तापमान 40 डिग्री से ऊपर रहा। वहां तापमान 40.6 डिग्री पर पहुंच गया। हालांकि, प्रदेश के ज्यादातर शहरों में बादल के कारण तापमान तेजी से नहीं बढ़ा। मंगलवार को पटना के न्यूनतम तापमान में 0.6 और अधिकतम में 0.1 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आई। राजधानी का अधिकतम तापमान 38 डिग्री और न्यूनतम तापमान 22.5 डिग्री रिकॉर्ड किया गया।

मौसम विभाग द्वारा जारी पूर्वानुमान के मुताबिक बुधवार को पटना, भोजपुर, बक्सर, कैमूर, रोहतास, औरंगाबाद, गया, अरवल, जहानाबाद, नवादा, नालंदा, शेखपुरा, लखीसराय, बेगूसराय, सुपौल, सहरसा, मधेपुरा, पूर्णिया, कटिहार, किशनगंज और अररिया जिले में 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की आशंका है। इस दौरान इन जिलों में एक-दो जगहों पर ठनका भी गिरने का खतरा है।

Uttarpradesh

## बागेश्वर धाम वाले धीरेंद्र शास्त्री को 'सिर तन से जुदा' करने की धमकी, थाने पहुंचे हिंदू संगठनों के कार्यकर्ताओं ने किया हंगामा

**बरेली, (एजेंसी)** उत्तर प्रदेश के बरेली में बागेश्वर धाम के पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री को जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है. फेसबुक के माध्यम से दी गई धमकी में सिर तन से जुदा करने की बात कही गई है. जिसके बाद हिंदूवादी संगठनों के कार्यकर्ता भड़क उठे. उन्होंने बरेली के आंवला कोतवाली में एक शिकायती पत्र दिया है.

इस शिकायती पत्र में कहा गया है कि सनातन धर्म के गुरु पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की फोटो लगाकर अशोभनीय तरह से एडिट कर सोशल मीडिया पर वायरल किया गया, जिसमें सिर तन से जुदा का ऑडियो भी लगाया गया है. इस वीडियो से हिंदू लोगों की भावनाएं आहत हुई हैं और समाज के संगठनों में काफी आक्रोश है.

इसके चलते सैकड़ों की संख्या में हिंदूवादी संगठनों के कार्यकर्ताओं ने इकट्ठा होकर आंवला कोतवाली परिसर में जमकर हंगामा किया. उन्होंने पुलिस अधिकारी से एफआईआर दर्ज करने की मांग करते हुए आरोपी पर एक्शन की मांग की है.

Jammu & Kashmir

## अमरनाथ यात्रा 29 जून से, अबकी बार 52 दिन चलेगी; ऑनलाइन पंजीकरण 15 अप्रैल से

**जम्मू, (एजेंसी)** लोकसभा चुनाव के ठीक बाद 29 जून से अमरनाथ यात्रा शुरू होगी। इस बार 52 दिन की यात्रा 19 अगस्त तक चलेगी, जो पिछले साल से दस दिन कम होगी। यात्रा के लिए 15 अप्रैल से देशभर में अधिकृत बैंक शाखाओं में अग्रिम यात्री पंजीकरण प्रक्रिया शुरू होगी। पारंपरिक बालटाल और पहलगाम ट्रैक से दैनिक आधार पर 10-10 हजार श्रद्धालुओं को पवित्र गुफा की ओर भेजने की अनुमति होती है।



श्री अमरनाथ श्राइन बोर्ड के अनुसार, इस बार यात्रा के दौरान किसी भी प्राकृतिक आपदा से निपटने के लिए उचित प्रबंध किए जाएंगे। यात्रा के दौरान बाबा अमरनाथ की पवित्र गुफा से सुबह-शाम आरती का सीधा प्रसारण जुलाई से किया जाएगा।

खराब मौसम या अन्य आपदा के दौरान यात्रा रुकने की स्थिति में जम्मू, रामबन और श्रीनगर में पर्याप्त संख्या में यात्रियों को ठहराने के लिए उचित प्रबंध किए जाएंगे। इसके लिए यात्री निवासों का विस्तार किया गया है। श्रीनगर के यात्री निवास पर काम तेजी से किया जा रहा है।

पिछले साल 17 अप्रैल से अग्रिम यात्री पंजीकरण प्रक्रिया को शुरू किया गया था और इस साल दो दिन पहले इसकी शुरुआत की जा रही है। अग्रिम यात्री पंजीकरण के लिए देशभर में करीब 500 बैंक शाखाओं को ऑफलाइन पंजीकरण के लिए अधिकृत किया जाता है।

खेल

# भारतीय टीम में बड़ा उलटफेर करने के मूड में नहीं चयनकर्ता, पंत-कोहली को मिल सकता है मौका

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2024 के तुरंत बाद अमेरिका और वेस्टइंडीज में टी20 विश्व कप का आयोजन होना है। इसके लिए भारतीय चयनकर्ता टीम के खिलाड़ियों पर पैनी नजर रख रहे हैं। माना जा रहा है कि भारतीय टीम का चयन आईपीएल में प्रदर्शन के आधार पर किया जाएगा। ऐसी खबरें आई थी कि चयनकर्ता इस वैश्विक टूर्नामेंट के लिए कुछ कड़े फैसले ले सकते हैं और कुछ बड़े खिलाड़ियों के लिए टीम में जगह बना पाना संभव नहीं होगा। हालांकि रिपोर्ट के अनुसार चयनकर्ता टी20 विश्व कप के लिए टीम में फिलहाल बड़े उलटफेर करने के मूड में नहीं हैं।




कार दुर्घटना में गंभीर रूप से चोटिल होने के कारण 15 महीने बाद आईपीएल से क्रिकेट के मैदान पर वापसी करने वाले भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत टी20 विश्व कप के लिए टीम में जगह बनाने की दौड़ में आगे निकल गए हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, आईपीएल के मौजूदा सीजन में उनके प्रदर्शन ने उन्हें अपने प्रतिद्वंद्वियों की तुलना में बढ़त दिला दी है। माना जा रहा है कि भारतीय टीम प्रबंधन इस बात से संतुष्ट है कि पंत भारतीय टीम में वापसी के लिए अब पूरी तरह तैयार है। अगर वह टूर्नामेंट में फ्लॉप नहीं रहे तो पंत टी20 विश्व कप के लिए अमेरिका और वेस्टइंडीज की यात्रा करेंगे।

ऋषभ पंत ने भले ही 15 महीने बाद क्रिकेट के मैदान पर वापसी कर ली है, लेकिन भारतीय टीम में उनकी वापसी अभी नहीं हुई है। अगर पंत को टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम में शामिल किया गय तो 500 से अधिक दिनों के बाद वह राष्ट्रीय टीम की जर्सी में दिखाई देंगे। पंत ने भारत के लिए अंतिम मैच मीरपुर में बांग्लादेश के खिलाफ 22 दिसंबर 2022 को खेला था। यह टेस्ट मैच था और इसके बाद ही वह दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए थे।

एक नाम जिसे लेकर सबसे ज्यादा चर्चा चल रही है वो है भारतीय टीम के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली का। कुछ रिपोर्ट में बताया गया था कि कोहली टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम में जगह बनाने की दौड़ में शामिल नहीं है और उन्हें मनाने का काम मुख्य चयनकर्ता अजित अगरकर को सौंपा गया है। हालांकि कोहली का बल्ला आईपीएल में जमकर चल रहा है और वह अबतक दो अर्धशतक और एक शतक लगा चुके हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, अब यह लगभग तय हो गया है कि कोहली इस वैश्विक टूर्नामेंट के लिए भारतीय टीम में शामिल होंगे। वह आईपीएल के मौजूदा सीजन में पांच मैचों में 316 रन बना चुके हैं। वह लीग में फिलहाल सर्वाधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। हालांकि उनके स्ट्राइक रेट पर लगातार सवाल उठ रहे हैं। इस बारे में भी चर्चा तेज चल रही है कि चयनकर्ता शुभमन गिल को किस तरह मैनेज करेंगे। माना जा रहा है कि कप्तान रोहित शर्मा के साथ यशस्वी जायसवाल ओपनिंग के लिए आएंगे, जबकि कोहली तीसरे नंबर पर उतरेंगे। ऐसे में शुभमन गिल का क्या होगा?

सिनेमा

## 'रामायण' के लिए रणबीर ने ली कितनी फीस? सीता से 11 गुना ज्यादा महंगे पड़े श्रीराम!



नितेश तिवारी के निर्देशन में बन रही फिल्म 'रामायण' इस साल के मोस्ट अवेटेड प्रोजेक्ट्स में शुमार है। रणबीर कपूर, सई पल्लवी और सुपरस्टार यश स्टारर यह फिल्म अनाउंसमेंट के बाद से ही लगातार सुर्खियों में बनी हुई है। चाहे राम के किरदार के लिए रणबीर कपूर हों या फिर रावण के किरदार के लिए यश, फिल्म का हिस्सा बनने जा रहा हर एक्टर अपने आप में बड़ा स्टार है। तो चलिए जानते हैं कि इस फिल्म के लिए किस एक्टर ने कितनी फीस ली है।

शुरुआत फिल्म में सीता का किरदार निभा रहीं साउथ की सुपरस्टार एक्ट्रेस सई पल्लवी के नाम से करते हैं। अपने लुक्स और गजब की एक्टिंग स्किल्स के लिए मशहूर सई पल्लवी की उनके पिछले प्रोजेक्ट्स के लिए फीस 2.5 से 3 करोड़ रुपये के आसपास रही है लेकिन TOI की एक रिपोर्ट के मुताबिक उन्होंने 'रामायण' में सीता का किरदार निभाने के लिए 6 करोड़ रुपये फीस चार्ज की है।

बात फिल्म में राम का किरदार निभा रहे एक्टर रणबीर कपूर की करें तो उन्होंने सई से 11 गुना ज्यादा मोटी फीस इस रोल के लिए ली है। खबर है कि रणबीर कपूर इस मेगा मूवी के लिए 75 करोड़ रुपये चार्ज कर रहे हैं। तुलनात्मक रूप से देखा जाए तो यह सई पल्लवी से करीब 2400% ज्यादा की धनराशि है। हालांकि इस बात की पुष्टि नहीं की गई है लेकिन उड़ती खबर यह है कि 225 करोड़ रुपये रणबीर कपूर का हिस्सा है।

## Highlights

1. **CCTV: Ghaziabad Boy, 15, Attacked by Pitbull**
2. **Indian Railways auto ticket upgradation facility, See details here**
3. **Tragic bus accident in Chhattisgarh: President sends condolences**
4. **Lok Sabha polls: 5 points first-time voters in India need to know**
5. **LS Polls 2024 Phase 1: Which party has most crorepati candidates?**
6. **Raj Thackeray Extends Unconditional Support to BJP Alliance**

# Jefferies' target prices for Tata Steel, JSW Steel, Hindalco: Complete details here

**NEW DEIHI, (Agency).** Jefferies remained bullish on Indian metal companies as a recent resurgence in the global manufacturing activity has been witnessed in the US and China. In a recent note, the brokerage firm said that it had constructive views on Indian metal sector, particularly copper and aluminium. This comes after the Nifty metal index surged over 1 per cent, closing at 8,894.4 on April 9.

Jefferies ratings for Tata Steel and Hindalco- Jefferies upheld "buy" ratings on Tata Steel and Hindalco Industries stocks. The brokerage raised target price- Tata Steel's to ₹200 from ₹165, a 20 per cent upside from the closing price on April 9 and Hindalco's to ₹700 from ₹610, almost 20 per cent higher from closing price on April 9.

Jefferies ratings for JSW Steel- The brokerage retained "hold" call on JSW




Steel. The brokerage raised the target price to ₹900 from ₹800 which implies a 3 per cent upside from April 9 closing price.

What Jefferies said on metal stocks? Jefferies attributed the positive sentiment in metal stocks to the significant rise in manufacturing activities reported by China and the US. As these two countries are major consumers of metal, increase in manufacturing activity means a heightened demand for metal. US manufacturing sector witnessed growth for the first time in 18 months manufacturing PMI surged to 50.3 in March from 47.8 in February. China's manufacturing activity also expanded in March for the first time since September as the PMI rose to 50.8 in March from 49.1 in February.

# Fitch downgrades outlook on China to negative, affirms 'A' rating: All you need to know

**NEW DEIHI, (Agency).** Fitch Ratings revised the outlook on China's long-term foreign debt to negative from stable, citing increasing risks to the country's public finance prospects.

Rising economic uncertainties and China's efforts to shift its growth model away from one driven by the property market "have eroded fiscal buffers from a ratings perspective," according to a Wednesday statement by the rating agency.

"Fiscal policy is increasingly likely to play an important role in supporting growth in the coming years which could keep debt on a steady upward




trend," it said. "Contingent liability risks may also be rising, as lower nominal growth exacerbates challenges to managing high economy-wide leverage," it added.

The nation's actual issuer default rating is affirmed at A , considering its "large and diversified" economy, "still solid" economic growth prospects relative to peers, strength in global goods trade, robust external finances, and reserve currency status of the Chinese currency, Fitch said in the statement.

# तेज रफ्तार कार ने 4 लोगों को मारी टक्कर- एक की मौत, तीन घायल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। लसूडिया इलाके में तेज रफ्तार कार ने तीन गाडियों को टक्कर मारी। इसमें एक रेपिडो ड्राइवर की मौत हो गई। जब टक्कर हुई तब वह कई फीट दूर उछलकर बिजली के पोल से टकराया था। उसका हेलमेट भी गिर गया। जबकि एक बाइक पर सवार पिता-पुत्र और तीसरे बाइक सवार को चोट आई है। सभी को अलग-अलग अस्पताल भेजा गया है।**

पुलिस के मुताबिक घटना मंगलवार रात 1 बजे की है। कार काफी स्पीड में थी। कार सफेद कलर की थी। इसमें रतन पुत्र छोटेलाल सूर्यवंशी निवासी नार्थतोड़ा की मौके पर ही मौत हो गई। घायलों का इलाज जारी है।

नगर सुरक्षा समिति के अश्विन जैन ने बताया कि कार ड्राइवर बहुत तेज कार चला रहा था। संभवत वह नशे में था। उसने पहले लालूराम और उसके 7 साल के बेटे करण को टक्कर मारी। दोनों काफी दूर गिरे। हादसे में बच्चे के दोनों हाथ फैक्चर हैं। इसके बाद एक अन्य बाइक सवार को टक्कर मारते हुए कार ने रतन को भी चपेट में ले लिया।

पहली टक्कर- मेट्रो टावर के पास। हादसे में पिता-पुत्र घायल हो गए। दूसरी टक्कर- शालीमार टाउन शिप महेन्द्रा शोरूम के पास। हादसे में रेपिडो ड्राइवर की मौत हो गई। तीसरी टक्कर- शालीमार टाउन शिप में। इसके बाद यहां से भाग गया।

### हादसे के बाद कार लेकर भागा

अश्विन जैन ने बताया कि कार ड्रायवर कार बहुत स्पीड से भगा रहा था। रात के कारण उसका नंबर नही देख पाया। पुलिस सीसीटीवी कैमरों से तलाश में जुटी हुई है।

### परिवार का इकलौता बेटा

रतन दिन में कपड़े की दुकान पर काम करता था। रात में रेपिडो बाइक चलाता। पिता की कुछ साल पहले मौत हो चुकी है। परिवार में बुजुर्ग मां,पत्नी और दो बेटे हैं। बच्चे पढ़ाई करते हैं।

## दो बदमाशों से 10 बाइक बरामद

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। दो बदमाश मौज मस्ती और नशे के लिए बाइक चुराने लगे। वे सात थाना क्षेत्रों से मोटरसाइकल चुरा चुके हैं। पुलिस ने उनके पास से 10 बाइक बरामद की है। खजराना थाना प्रभारी सुजीत श्रीवास्तव ने क्षेत्र में वाहन चोरी की वारदात रोकने मुखबीर तंत्र सक्रिय किए। मुखबीर की सूचना पर पूर्व में वारदात कर चुके दो बदमाशों मुकेश पिता स्व. रामू कनाड़े निवासी पंधाना जिला खण्डवा तथा उसके साथी रितेश पिता रकन तिल्लौरे निवासी मुमताज बाग गली नंबर 2 खजराना को चोरी की बाइक के साथ पकड़ा। पूछताछ में बदमाशों ने खजराना, संयोगितागंज में जू के सामने, सिमरोल में वाइन शाप के सामने, आजाद नगर के मूसाखेड़ी चौराहा, एमआईजी के छोटी खजराना तथा परदेशीपुरा के सीकेडी वाइन शॉप के सामने से बाइक चुराना कबूला। पूछताछ में पता चला कि आरोपी मुकेश पर विभिन्न थानों में चोरी, नकबजनी, मारपीट, अवैध हथियार रखने के 7, आरोपी रितेश पर चोरी, अवैध शराब, एनडीपीएस एक्ट के 4 अपराध पूर्व से पंजीबद्ध हैं।

## फर्जी लिंक पर क्लिक कर गंवाए एक लाख रुपए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। आनलाइन ठगी से बचने पुलिस लगातार जागरूकता अभियान चला रही है। इसके बावजूद लोग ठगों के झांसे में आकर धोखाधड़ी के शिकार हो जाते हैं। ठग द्वारा भेजी गई फर्जी लिंक को क्लिक करने पर आवेदक को एक लाख रुपए की चपत लग गई। शिकायत मिलने पर क्राइम ब्रांच ने मशक्कत के बाद आवेदक के पैसे रिफंड कराए। पुलिस को फरियादी राजन निवासी इंदौर ने शिकायत दर्ज कराई थी उसे अनजान ठग ने टेलीग्राम पर फर्जी लिंक भेजी। इसमें एपीके साफ्टवेयर डाउनलोड करवाया गया, जिसमें आवेदक को ऑनलाइन खरीदी-बिक्री में अधिक मुनाफा कमाने का लालच दिया। जब आवेदन झांसे में आ गया तो ठग ने यूपीआई के माध्यम से एक लाख रुपए इन्वेस्टमेंट के नाम पर ले लिए। क्राइम ब्रांच टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए संबंधित बैंक एवं यूपीआई कंपनी से संपर्क कर राशि वापस कराई।

## 48 बीयर की बॉटलें जब्त

इंदौर। आबकारी विभाग ने नेहरू नगर मेनरोड से बाइक क्रमांक एमपी-09-एनवाय-8670 के चालक से 48 बीयर के अद्दे तथा 6 बोतल व्हिस्की जब्त की। मामले में आरोपी विमल पिता करोड़ीमल तथा पंकज पिता त्रिलोकीनाथ को पकड़ा। इसी प्रकार, 27 प्रकरणों में 436 लीटर मदिरा तथा 1495 लीटर महुआ लहान जब्त किया।

# तीन लाख के गांजे के साथ तीन आरोपी गिरफ्तार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। औद्योगिक क्षेत्र पीथमपुर की सागौर पुलिस को मादक पदार्थ के तस्कर गिरोह को पकडऩे में सफलता मिली है। पुलिस ने तस्कर गिरोह के सदस्यों को पैसेंजर रिक्शा (रूक्क0र्9ंस्8802) से गांजा सप्लाई करते हुए गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी प्रशांत पाल ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी की मादक पदार्थ की बड़ी खेप आज डिलीवर होने वाली है। इसके बाद पुलिस टीम तत्काल मुखबिर के बताए खण्डवा फोरलेन रोड पर पहुंची। जहां एक सवारी रिक्शा से तस्कर राम पिता मोहन भीडावडे, अरविंद पिता गोपीलाल सोलंकी और शुभम पिता गजानंद सोनोने के कब्जे से कुल 5 किलोग्राम गांजा और एक पैसेंजर रिक्शा जब्त किया है।

सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर पूछताछ की जा रही है। इस कार्रवाई में सागौर टीआई प्रशांत पाल, सउनि रामप्रसाद मालवीय, प्रआर अनिल राठौर, रोशन गौड़, संजय सिसोदिया, आरक्षक पियूष मालवीय, रवि कुमार चौधरी का सराहनीय योगदान रहा।

## गाड़ी चुराते पकड़ाया चोर

इंदौर। युवक की बाइक चुराकर भाग रहे बदमाश को रावजी बाजार में राहगीरों ने पकडकर जमकर पीटा। फरियादी जितेंद्र पिता पूनमचंद चौहान निवासी महल कचहरी की शिकायत पर इम्तियाज निवासी कबूतरखाना को पकड़ा। फरियादी की बाइक चंद्रभागा हनुमान मंदिर के पीछे खड़ी थी। तभी इम्तियाज उसका लॉक खोलकर ले जाने लगा। रहवासी के शोर मचाने पर बदमाश सफल नहीं हो सका।

# रियल स्टेट कारोबारी महिला को धर्म परिवर्तन का दबाव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। कनाडिया में रहने वाली एक रियल स्टेट कारोबारी महिला को उसके पूर्व परिचित साथी ने धर्म परिवर्तन के लिये धमकाया है। आरोपी ने पीडिता को कहां कि उसने पहले एक लडक़े को 3 गोली मारी थी तुम्हे 5 मारूगां। सीधे तौर पर उसकी बात मान ले। पुलिस ने मामले में आरोपी पर केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। कनाडिय़ा पुलिस के मुताबिक झालरिया में रहने वाली एक 38 साल की महिला की शिकायत पर पुलिस ने सादिक पुत्र यासीन खान निवासी मक्का कॉलोनी के खिलाफ धर्म परिवर्तन का दबाव बनाने ओर गोली मारने की धमकी देने की धमकी देने के मामले में केस दर्ज किया है। पीडिता के मुताबिक वह रियल स्टेट का कारोबार करती है। पीडिता ने बताया कि उनकी बेटी ने 5 अप्रैल को बताया कि सादिक ने उसे इंस्ट्राग्राम पर जान से मारने की धमकी के साथ अश्लील कमेट्स किये है। सादिक ने एक माह पहले भी ऐसे ही धमकी दी थी। जब बेटी की आईडी देखी ओर सादिक की आईडी देखी तो उस पर धार 302 ओर कई धमकी भरे पोस्ट थे। पोस्ट देखकर सादिक से कॉल कर ऐसा करने का कारण पूछा।तो कहने लगा कि उसे माफ कर दो। उससे बात किया करो पीडिता जब नही मानी तो उतेजित होकर अपशब्द कहने लगा। इसके बाद कहां कि तुझे ओर तेरे बच्चो को जिंदा रहना है तो मुस्लिम धर्म अपना ले। मेरी बात मान ले नही तो मरने के लिये तैयार रहे। तेरे बच्चो सहित तुझे जान से मार दूंगा। सादिक ने कहां कि मैने इंदौर में एक लडक़े को 3 गोलियां मारी है। में तुझे 5 गोलियां मारूगां। पीडिता ने बताया कि सादिक से चार साल पहले सारे रिश्ते खत्म कर दिए थे। इस मामले में सादिक ने शपत पत्र बनवाकर मुझसे माफी मांगी ओर अलग रहने ओर मुझसे संपर्क नही करने की बात उसमें लिखी थी। लेकिन वह अब मुझे ओर मेरी बेटी को जान से मारने की धमकी दे रहा है ब्लैकमेल कर रहा है। वह 20 लाख रूपये मांग रहा ओर कह रहा है कि रूपये दे नही तो तेरी बेटी को कही का ना छोड़ूंगा। वह मुझ पर लगातार धर्म परिवर्तन को लेकर दबाव बना रहा है।

**आईपीएल का सट्टा लगाने वाला गिरफ्तार- इंदौर।** इंदौर के एरोड्रम इलाके से क्राइम ब्रांच ने आईपीएल का सट्टा पकड़ा है। आरोपी के पास से चार मोबाइल और लाखों का हिसाब-किताब मिला है। क्राइम ब्रांच के मुताबिक टीम ने हेमंत उफऱ् कपिल पुत्र सुरेश राठौर को मामले में गिरफ्तार किया है।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ मो. : 7312433667, 9826044334 ■ प्रबंध संपादक - महेन्द्र पालीवाल ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक